सारे एनआरआई़ज हैं, जो बाहर से हमारे बड़े-बड़े मंदिरों, अजमेर शरीफ या अमृतसर के गोल्डन टेम्पल आते हैं। अभी लास्ट इयर इंग्लैंड में एक सर्वे छपा है जिसमें कहा गया है कि इंडिया का जो बेस्ट डेस्टिनेशन है, वह आगरा नहीं बल्कि अमृतसर का गोल्डेन टेम्पल है। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि हमारे जो करोड़ों एनआरआई़ज बाहर रहते हैं they are keen to visit our mosques, temples and gurudwaras. क्या भारत सरकार ने कोई - एक तो जितनी फिगर्स आप उनकी देते हैं, इसमें आप यह differentiate नहीं करते कि इनमें से कितने एनआरआई़ज हैं जो यहां आते हैं। क्या आपने इस बारे में ऐसा कोई प्लान बनाया है कि जितने इंडियंस settle abroad हैं, उनका जो इंडिया में spiritual links हैं, उनके लिए countrywide special programmes कैसे होंगे और उनको क्या facilities दी जाएंगी? ये जो destinations within India है, इनकी development के बारे में आपने लिखा है, लेकिन इसमें जो बहुत बड़े सेक्टर्स बद्रीनाथ और हेमकुंड साहब हैं, वे इसमें missing हैं। उसके बारे में आपने नहीं बताया है। जबकि लाखों लोग बद्रीनाथ और हेमकुंड साहब जाते हैं। पिछले साल वहां चार लाख लोग गए थे जिनमें से 50 हजार foreigners थे, यह उसमें मिसिंग है।

श्री सभापति: आप सवाल पूछ लीजिए, टाइम कम है।

सरदार तरलोचन सिंह: मैं यह पूछना चाहता हूं कि उसके लिए आपने क्या प्रोग्राम रखा है? थैंक यू सर।

श्रीमती अम्बिका सोनी: सर, यह सच बात है कि लोग Pilgrimage Tourism का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करते हैं और हमारे जो मेगा डेस्टिनेशंस ...**(व्यवधान)**... मैंने जो 22 मेगा डेस्टिनेशंस बताये, उनमें अमृतसर के लिए 15.85 करोड़ sanction किये हैं। अजमेर शरीफ और पुष्कर लेक के लिए 10.69 करोड़ - गोवा के चर्चेज़ - मेरा कहने का मतलब है कि हर धर्म - महाबोधि मंदिर के लिए, मेगा डेस्टिनेशन और तिरुपति के 17 मंदिरों के लिए पहली बार एक सर्किट बनाया गया है। मेरा कहने का मतलब यह है कि हर धर्म में विश्वास रखने वाले लोग नागरिकों, पर्यटकों और यात्रियों को हमने ध्यान में रखते हुए मेगा प्रोजेक्ट्स बनाये थे, जहां हम उनको हर प्रकार की सुविधा दे सकें। इसके अलावा, इन्होंने जो अमृतसर की बात की, तो मैं बताना चाहती हूं कि जैसे महापरिनिर्वाण स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन, बुद्धिस्ट सर्किट के लिए दी है, उसी तरह लालू जी, पंजाब के सी.एम. और मेरे मंत्रालय ने उत्तर भारत के लिए स्पेशल टूरिजम ट्रेन की घोषणा की है जिससे वे कुरुक्षेत्र में महाभारत सर्किट, अमृतसर, आनंदपुर साहिब, हिमाचल, आगरा और जयपुर में सात दिन की यात्रा करेंगे। इसी तरह से देश की राष्ट्रपति ने कर्नाटक में गोल्डन चैरियट को हरी झंडी दिखाई थी। हम कोशिश कर रहे हैं कि इसी तरह उड़ीसा, आंध्र प्रदेश और तमाम प्रदेश जैसे, राजस्थान के लिए रॉयल राजस्थान शुरू किया है - ये सब प्रयास पर्यटकों के लिए हैं चाहे वे स्टेट एनआरआई़ज हों या फॉरेनर्स हों। जहां तक एनआरआई़ज की संख्या का सवाल है, हम अलग से उसकी गणना नहीं करते।

*105. [The questioner Shri Kalraj Mishra was absent. For answer vide *page* 23 *Infra*]

मध्य प्रदेश में विमानपत्तनों का विकास

*106. **श्रीमती सुषमा स्वराज**: क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश में भोपाल, खजुराहो और इंदौर के विमानपत्तनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए अपेक्षित भूमि का अधिग्रहण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण करने के बाद इन विमानपत्तनों पर किए जाने वाले विकास संबंधी कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) क्या इन विमानपत्तनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रफुल्ल पटेल): (क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

विवरण

(क) भोपाल और इंदौर हवाईअड्डों के विकास के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। खजुराहो हवाई अड्डे के विकास के लिए, इकाओ के मापदंडों के अनुसार बेसिक स्ट्रिप के प्रावधान के लिए आवश्यक अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण अभी किया जाना है।

(ख) और (ग) 1. भोपाल हवाईअड्डे पर, 500 अंतर्देशीय तथा 200 अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य किया जा चुका है, जिसके दिसम्बर 2009 तक पूरा होने की संभावना है, रनवे का 2745 मीटर तक विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्य और इससे संबंधित अन्य कार्य भी दिए जा चुके हैं, जिनकी जुलाई 2009 तक पूरा होने की संभावना है तथा नए एप्रन के निर्माण तथा संबंधित कार्यों को भी दिसम्बर 2009 तक पूरा करने की योजना बनाई गई है।

2. खजुराहो हवाई अड्डे पर 500 अंतर्देशीय तथा 100 अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण का कार्य शेड्यूल के अनुसार चल रहा है, रनवे का 2286 मीटर तक विस्तार किए जाने से संबंधित कार्य और नए एप्रन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

3. इन्दौर हवाईअड्डे पर, 500 अंतर्देशीय तथा 200 अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण का कार्य दिया जा चुका है, जिसके दिसम्बर 2009 तक पूरा होने की संभावना है, मौजूदा रनवे का 2750 मीटर का विस्तार किए जाने से संबंधित कार्य प्रगति पर है जिसके अगस्त 2009 तक पूरा होने की संभावना है तथा नए एप्रन का निर्माण भी प्रगति पर है जिसके मार्च 2009 तक पूरा होने की संभावना है।

Development of airports in Madhya Pradesh

†*106. SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the land required for the airports of Bhopal, Khajuraho and Indore in Madhya Pradesh has been acquired to make them airports of international standard;

(b) if so, the latest status of development work at these airports after acquiring the land; and

(c) whether any time limit has been fixed to make these airports of international standard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI PRAFUL PATEL): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Land has been acquired for development of Bhopal and Indore airports. For development of Khajuraho airport, additional land required for provision of basic strip as per ICAO norms is yet to be acquired,

†Original notice of the question was received in Hindi.

(b) and (c) 1. At Bhopal airport, the work of construction of new integrated terminal building to cater to 500 domestic and 200 international pax. has been awarded with projected date of completion by December, 2009; the work related to extension and strengthening of runway to 2745m and associated work has also been awarded with projected date of completion by July, 2009 and the work related to construction of new apron and associated works has also been planned by December, 2009.

2. At Khajuraho airport, the progress of work related to construction of new integrated terminal building to cater to 500 domestic and 100 international pax is as per schedule; the work related to extension of runway upto 2286m and new apron has been completed.

3. At Indore airport, the work related to construction of new integrated terminal building to cater to 500 domestic and 200 international pax. has been awarded with projected date of completion by December, 2009; the work related to extension of existing runway to 2750m is underway with projected date of completion by August, 2009 and construction of new apron is also underway with projected date of completion by March, 2009.

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति जी, अगर मैं मंत्री महोदय का लिखित उत्तर पढ़ती हूं तो संतोषजनक लगता है। लेकिन मैं मंत्री जी को बताना चाहूंगी कि जमीनी हकीकत इससे बहुत अलग है। आपने कहा कि जुलाई तक भोपाल के रन-वे का विस्तार हो जाएगा और बाकी सारा काम दिसम्बर, 2009 तक पूरा करने की योजना बनाई है। मेरा भोपाल अकसर आना-जाना होता है। ...**(व्यवधान)**... नीचे की जो गति है, वह बहुत धीमी है। इसलिए मैं आपसे जानना चाहती हूं कि क्या आप कोई ऐसी समिति बनाते हैं, जो यह देखे कि वहां जो काम हो रहा है, वह किस रफ्तार पर हो रहा है? अगर वहां समयावधि के बीच में काम नहीं हो पाता तो उसके लिए आप क्या करते हैं? क्या आपने ऐसी कोई समिति बनाई है?

MR. CHAIRMAN: Question Hour is getting over.

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, मैं केवल सवाल ही पूछवाना चाहती हूं।

श्री प्रफुल्ल पटेल: सर, मैं सुषमा जी को केवल यह कहना चाहता हूं कि मैं परसों ही भोपाल में था और वहां जिस पैमाने पर काम हाथ में लिया गया है, वह काफी व्यापक है। जहां तक रन-वे के बाकी काम की बात है, इसमें इसलिए विलंब हो रहा था कि इसके लिए जो जमीन हस्तांतरित होनी थी, उसमें विलंब हुआ था। उसमें राज्य सरकार ने भी सहयोग प्रदान किया। अब वह जमीन हमारे अधीन आ गई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस काम को हम समय-सीमा के भीतर पूरा करेंगे।

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

PNG connection

*105. SHRI KALRAJ MISHRA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether consequent upon installation of Piped Natural Gas (PNG) connection, a consumer is required to surrender LPG connection to the former supplier alongwith both LPG cylinders;